# विशेषज्ञों को एपीओ राष्ट्रीय पुरस्कार

**मंत्री पीयूष गोयल ने प्रौद्योगिकी उन्नयन पर दिया बल**

**एशियाई उत्पादकता संगठन की बैठक राजधानी में शुरू**



**नई दिल्ली, 22 मई. राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एशियाई उत्पादकता संगठन (एपीओ) की संचालन परिषद के 68वें सत्र के पहले दिन गुरुवार को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अब उत्पादकता केवल दक्षता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें लचीलापन, नवाचार और समावेशी विकास के पहलू भी जुड़े हैं.**

भारत मंडपम में चल रही इस बैठक में सदस्य देशों के राष्ट्रीय उत्पादकता संगठनों (एनपीओ) के प्रमुख, नीति निर्माता, उत्पादकता विशेषज्ञ तथा एपीओ सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया.बैठक के उद्घाटन सत्र में श्री गोयल मुख्य अतिथि थे. सत्र के उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि एपीओ की संचालन परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष के रूप में भारत को एपीओ के परिवर्तनकारी दौर में योगदान देने का अवसर मिला, जहाँ प्रौद्योगिकी, सतत विकास और बदलती वैश्विक परिस्थितियाँ अर्थव्यवस्थाओं को नया आकार दे रही हैं.

उन्होंने भारत में मोदी सरकार के सुधारों का उल्लेख करते हुए मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजनाएँ, पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान, राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति, यूपीआई, आधार और डिजिटल वाणिज्य के खुले नेटवर्क (ओएनडीसी) जैसी पहलों को उत्पादकता-आधारित परिवर्तन के उदाहरण बताया.

साथ ही उन्होंने एपीओ के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग, सतत विकास और भविष्य के लिए तैयार विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई.

> उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने उद्घाटन सत्र में कहा कि एपीओ विजन 2030 और रणनीतिक सुधार सदस्य देशों में संस्थागत सहयोग, सुशासन और परिणाम-आधारित विकास को और मजबूत करेंगे.इस सत्र में श्री गोयल ने उत्पादकता के क्षेत्र में कार्य करने वाले कुछ विशेषज्ञों को एपीओ राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए .

## एसबीआई में 6 दिन ताले ग्राहकों की बढ़ेगी परेशानी

**नई दिल्ली 22 मई.** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 23 मई से 28 मई तक लगातार छह दिनों तक कामकाज प्रभावित रहेगा.

वीकेंड की छुट्टियां, कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल और बकरीद के त्योहार को लेकर घोषित अवकाश के कारण बैंक शाखाओं में सामान्य सेवाएं ठप रहने की संभावना है. इसका असर करोड़ों ग्राहकों पर पड़ सकता है, खासकर उन लोगों पर जो नकद लेनदेन और शाखा आधारित सेवाओं पर निर्भर हैं.

23 मई को महीने का चौथा शनिवार होने के कारण बैंक बंद रहेंगे, जबकि 24 मई को रविवार की नियमित छुट्टी रहेगी. इसके बाद 25 और 26 मई को ऑल इंडिया स्टेट बैंक स्टाफ फेडरेशन ने दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है.

# अमेरिकी हाईटेक कंपनियों के साथ करें जॉइंट वेंचर


## लॉजिस्टिक्स लागत 16 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत रह गई : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली, 22 मई. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारतीय कंपनियों को नवीनतम तकनीकों तक पहुंच हासिल करने के लिए अमेरिकी कंपनियों के साथ संयुक्त उपक्रम करने की जरूरत है.**

बीते गुरुवार को अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के वार्षिक लीडरशिप समिट को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि अमेरिकी कंपनियां नई तकनीकों का विकास कर रही हैं.ऐसे में भारतीय कंपनियों के लिए अमेरिकी कंपनियों के साथ जॉइंट वेंचर करना बेहद जरूरी है.

उन्होंने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय हाईवे परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने में अमेरिकी कंपनियों से परामर्श लेने पर भी विचार कर रहा है. गडकरी ने कहा कि लॉजिस्टिक्स में सप्लाई चेन सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है और एक्सप्रेसवे तथा आर्थिक कॉरिडोर के तेजी से विस्तार के कारण भारत में लॉजिस्टिक्स लागत अब एकल अंक तक पहुंच गई है.

उन्होंने बताया कि आईआईटी चेन्नई, आईआईटी कानपुर और आईआईएम बेंगलुरु द्वारा तैयार ताजा अध्ययन के अनुसार, एक्सप्रेसवे और आर्थिक कॉरिडोर के निर्माण से भारत की लॉजिस्टिक्स लागत 16 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत रह गई है.



> गडकरी ने यह भी कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग को दुनिया में नंबर-1 बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है.उन्होंने कहा कि जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था.अब यह बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो गया है. केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ऑटोमोबाइल सेक्टर लगभग 4 लाख युवाओं को रोजगार देता है और केंद्र तथा राज्यों को सबसे अधिक जीएसटी भी इसी क्षेत्र से प्राप्त होता है.

# निजी क्षेत्र के बैंकों, गैर बैंकिग शेयरों को निवेशकों का समर्थन

**मुंबई, 22 मई. निजी क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय सेवा कंपनियों के शेयरों को निवेशकों के समर्थन तथा इंजीनियरिंग और अवसंरचना क्षेत्र से जुड़ी कुछ चुनिंदा कंपनियों के शेयरों में लिवाली निकलने से स्थानीय शेयर बाजारों के प्रमुख शेयर सूचकांक शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए.**

शुरुआती कारोबार में रुपये की विनिमय दर में सुधार के संकेतों से भी बाजार को समर्थन मिला. बंबई बाजार का सेंसेक्स 231.99 अंक या 0.31 प्रतिशत बढ़कर 75,415.35 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 64.60 अंक या 0.27 प्रतिशत बढ़कर 23,719.30 पर बंद हुआ।सेंसेक्स सुबह 75,260.39 पर खुलने के बाद ऊपर में



75,810.97 और नीचे में 75,230.75 अंक तक गया था.कल बाजार 75,183.36 पर बंद हुआ था.इसी तरह निफ्टी50 सुबह 23,671.20 पर खुल कर ऊपर में 23,835.65 और नीचे में 23,671 तक गया था. बीएसई में आज साप्ताहिक कारोबार के आखिरी दिन 15 शेयर लाभ में और 15 हानि में रहे.लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में ट्रेन्ट 3.01 प्रतिशत, एक्सिस 2.52 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.77 प्रतिशत, एशियन पेंट 1.56 प्रतिशत और हिंदुस्तान लीवर 1.06 प्रतिशत लाभ में रहा.

# वैश्विक शांति और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में गौरवपूर्ण क्षण

## आचार्य बालकृष्ण आई एम पीसकीपर-चैंपियन हेल्थ अवार्ड 2026 से सम्मानित

**हरिद्वार, 22 मई. योग, आयुर्वेद और भारतीय ज्ञान परंपरा के पथ-प्रदर्शक आचार्य बालकृष्ण को अंतरराष्ट्रीय मंच पर आज एक और प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया गया.मुंबई में आयोजित वैश्विक बिल्लिओनाइरेस फॉर पीस कॉन्क्लेव 2026 में उन्हें आई एम पीसकीपर- चैंपियन हेल्थ अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया.**

यह सम्मान विश्व शांति, मानवता, स्वास्थ्य सेवा और वैश्विक कल्याण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया. आचार्य बालकृष्ण को यह सम्मान ऐसे समय में प्राप्त हुआ है जब आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में



> आयुर्वेद मात्र एक चिकित्सा पद्धति नहीं, अपितु सम्पूर्ण मानवता को संतुलित, निरोग और सकारात्मक जीवन की दिशा प्रदान करने वाला विज्ञान है. भारत सदैव वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना का प्रतिनिधित्व करता आया है और आज पूरी दुनिया शांति, सहअस्तित्व और समग्र स्वास्थ्य के लिए भारत की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रही है .आज विश्व जिस मानसिक तनाव, असंतुलित जीवनशैली और स्वास्थ्य संकट से गुजर रहा है, उसका समाधान प्रकृति और भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित है .योग और आयुर्वेद विश्व को केवल रोगमुक्त ही नहीं, बल्कि तनावमुक्त और संघर्षमुक्त जीवन की दिशा भी प्रदान करते हैं .

अभूतपूर्व स्वीकार्यता मिल रही है.उन्होंने अपने अनुकरणीय शोध, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और वैश्विक प्रयासों के माध्यम से आयुर्वेद को केवल पारंपरिक चिकित्सा पद्धति तक सीमित नहीं रहने दिया, अपितु उसे आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान और समग्र स्वास्थ्य के साथ जोड़कर नई दिशा प्रदान की है.उनके नेतृत्व में पतंजलि द्वारा भारतीय पौराणिक ग्रन्थों में समाहित ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साक्ष्य-आधारित परिणामों में माध्यम से विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है.

सम्मान प्राप्त करने के उपरांत आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि एक स्वस्थ मानव ही शांतिपूर्ण समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है.

# सेंट्रल बैंक में हिस्सेदारी बेचकर 2455 करोड़ जुटाएगी सरकार

**मुंबई, 22 मई. केंद्र सरकार ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में अपनी हिस्सेदारी बेचने का ऐलान किया है. सरकार ऑफर फॉर सेल के जरिए बैंक में 8 प्रतिशत तक स्टेक बेचकर करीब 2,455 करोड़ जुटाने की तैयारी में है. इसके लिए फ्लोर प्राइस 31 प्रति शेयर तय किया गया है, जो बैंक के गुरुवार के बंद भाव 33.94 से लगभग 8.5 प्रतिशत कम है.**

इस घोषणा के बाद शुक्रवार को बैंक के शेयरों में 5 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई और शेयर करीब 32 के स्तर पर कारोबार करता दिखाई दिया. डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक, ओएफएस प्रक्रिया दो





चरणों में पूरी होगी. नॉन-रिटेल निवेशकों के लिए यह ऑफर 22 मई को खुलेगा, जबकि रिटेल निवेशक और बैंक कर्मचारी 25 मई को बोली लगा सकेंगे. दोनों दिन सुबह 9ः15 बजे से दोपहर 3-30 बजे तक आवेदन किए जा सकेंगे. सरकार बेस ऑफर के तहत 4 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 36.20 करोड़ इक्विटी शेयर बेचेगी. अगर निवेशकों की मांग अच्छी रही तो अतिरिक्त 4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए ग्रीन शू ऑप्शन का इस्तेमाल किया जाएगा.

# 9 .6 प्रतिशत बढ़ी रेपको की ऋण पुस्तिका

**चेन्नई 22 मई .** रेपको होम फाइनेंस लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आज हुई बैठक में 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही और वित्तीय वर्ष 2025-26 के भारतीय लेखा मानकों के अनुसार तैयार वित्तीय परिणामों को मंजूरी दे दी.

कंपनी ने इस दौरान ऋण वितरण, आय और मुनाफे में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की, जबकि गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में कमी देखने को मिली. 31 मार्च 2026 तक कंपनी की कुल ऋण पुस्तिका 15,880 करोड़ रुपये रही, जो एक वर्ष पहले 14,492 करोड़ रुपये थी. इस प्रकार कंपनी ने 9.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की.

> वित्त वर्ष 2025-26 में ऋण स्वीकृतियां 4,519 करोड़ रुपये रहीं, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक हैं. इसी अवधि में ऋण वितरण 4,148 करोड़ रुपये रहा, जिसमें 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई. कंपनी की कुल आय बढ़कर 1,798 करोड़ रुपये हो गई, जबकि शुद्ध ब्याज आय 812 करोड़ रुपये रही. वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ 453 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष में 449 करोड़ रुपये था. ऋण स्प्रेड 3 .3 प्रतिशत पर मजबूत बना रहा.

31 दिसंबर 2025 तक प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां 15,394 करोड़ रुपये रहीं. कंपनी की कुल ऋण पुस्तिका में गैर-वेतनभोगी वर्ग के ऋणों की हिस्सेदारी 53 प्रतिशत रही, जबकि वेतनभोगी वर्ग का हिस्सा 47 प्रतिशत रहा. आवास ऋण कुल ऋणों का 71 प्रतिशत रहे, जबकि गृह इक्विटी उत्पादों की हिस्सेदारी 29 प्रतिशत रही. कंपनी द्वारा दिए गए सभी ऋण खुदरा श्रेणी के हैं. परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर भी सुधार दर्ज किया गया. सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां घटकर 405 करोड़ रुपये रह गईं, जो 31 मार्च 2025 को 473 करोड़ रुपये थीं. वहीं शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां 183 करोड़ रुपये रहीं, जो एक वर्ष पहले 191 करोड़ रुपये थीं. सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात 3.26 प्रतिशत से घटकर 2.55 प्रतिशत पर आ गया, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात 1.32 प्रतिशत से घटकर 1.17 प्रतिशत रहा. कंपनी ने संभावित ऋण नुकसान के लिए 343 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो कुल ऋण परिसंपत्तियों का 2.2 प्रतिशत है. स्टेज-3 परिसंपत्तियों पर कवरेज अनुपात 55 प्रतिशत रहा. वित्त वर्ष 2025-26 में ऋण स्वीकृतियां 4,519 करोड़ रुपये रहीं, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक हैं. इसी अवधि में ऋण वितरण 4,148 करोड़ रुपये रहा, जिसमें 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई.

## अवध एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर को मजबूत करेगा

**नई दिल्ली.** अचल सम्पत्ति बाजार की प्रतिष्ठित परामर्श सेवा कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया का अनुमान है कि जल्द ही शुरू होने वाला लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे से उत्तर प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा. कुल 63 किलो मीटर की यह नयी राष्ट्रीय राजगार्म परियोजना लखनऊ और कानपुर को जोड़ती है और उत्तर प्रदेश में रक्षा उत्पादन इकाइयों के लिए विकसित किये जा रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के दो मुख्य केंद्रों के बीच सम्पर्क सुविधा मज़बूत करती है.

# मर्सिडिज-बेंज ने पेश किए नाइट एडिशन

**पुणे, 22 मई.** लग्जरी कार निर्माता मर्सिडिज-बेंज ने गुरुवार को जीएलई और जीएलएस के नाइट एडिशन बाजार में उतारने की घोषणा की. ये दोनों विशेष और लिमिटेड-सीरीज मॉडल हैं, जिनमें कंपनी की सबसे अधिक बिकने वाली लग्ज़री एसयूवी रेंज जीएलई और जीएलएस को एक अलग लुक और विशेष इंटीरियर के साथ पेश किया गया है.


नाइट एडिशन जीएलएस 450 की एक्स-शोरूम कीमत 1.41 करोड़ रुपये और नाइट एडिशन जीएलएस 450डी की कीमत 1.43 करोड़ रुपये रखी गयी है.नाइट एडिशन जीएलई 300डी की एक्स-शोरूम कीमत 1.05 करोड़ रुपये और जीएलई 450



की कीमत 1.14 करोड़ रुपये है.कंपनी ने बताया कि ये नाइट एडिशन ऐसे विशेष कॉन्फ़िगरेशन में उपलब्ध होंगे, जो किसी भी मानक संस्करण से अलग हैं.यह एक वैश्विक लिमिटेड सीरीज़ का हिस्सा है और विभिन्न बाजारों में सीमित संख्या में पेश किया जायेगा, जिससे इसकी विशिष्टता और कलेक्टर अपील और बढ़ जाती है. दोनों मॉडल में डार्क एक्सटीरियर डिजाइन दिया गया है, जो दो रंग विकल्पों — ऑब्सिडियन ब्लैक और अल्पाइन ग्रे — में उपलब्ध है.अल्पाइन ग्रे केवल नाइट एडिशन सीरीज़ के लिए है, जिससे ग्राहकों को अधिक खास और अलग विकल्प मिलता है.दोनों मॉडलों में हेड-अप डिस्प्ले मानक फीचर के रूप में दिया गया है.

# भाजपा खेलेगी अंतरात्मा वाला सुपर दांव

## राज्यसभा चुनाव में भाजपा ने गड़ाई तीनों सीटों पर नजरें



**जयपुर.** राजस्थान में सियासत की नई बिसात बिछने लग गई है. इसकी वजह है राज्यसभा चुनाव. आगामी 21 जून को राजस्थान के तीन राज्यसभा सांसद रिटायर हो जाएंगे. लिहाजा तीन सीटें खाली हो जांएगी. इन तीनों सीटों पर काबिज होने के लिए सत्तारुढ बीजेपी ने रणनीति तैयार कर ली है. पार्टी के विधानसभा सदस्यों की संख्या को देखते हुए बीजेपी के खाते में दो सीटें फिर से आना तय है लेकिन उसकी कोशिश तीनों सीटों पर काबिज होने की है. तीसरी सीट को भाजपा 'अंतरात्मा की आवाज' के जरिए जीतने का ख्वाब देख रही है. इसके लिए बीजेपी तीनों सीटों के लिए नामों का पैनल तैयार कर रही है. राजस्थान से खाली हो रही राज्यसभा की तीन सीटों पर फिलहाल भाजपा सांसद राजेंद्र गहलोत, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और कांग्रेस सांसद नीरज डांगी काबिज हैं. इनका कार्यकाल 21 जून को पूरा होने जा रहा है. राज्यसभा में राजस्थान की कुल 10 सीटें हैं. राजस्थान विधानसभा के कुल सदस्यों में भाजपा और कांग्रेस के पास जो संख्या है उससे पुरानी स्थिति ही वापस बनेगी. यानी समीकरणों के अनुसार भाजपा के पास दो और कांग्रेस के पास एक सीट जीतने लायक संख्या मौजूद है.

**प्रत्येक सीट के लिए प्रथम वरीयता के 51 वोट चाहिए-** राज्यसभा की तीन सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए प्रत्येक सीट के लिए प्रथम वरीयता के 51 वोट चाहिए. भाजपा के पास दो सीटों के लिए पर्याप्त संख्या में वोट हैं. उसे दो सीटों के लिए प्रथम वरीयता वाले 102 वोट चाहिए. 200 सदस्यों वाली राजस्थान विधानसभा में वर्तमान में बीजेपी के पास 118 और कांग्रेस के पास वर्तमान में 67 सीटें हैं. लिहाजा कांग्रेस के पास भी एक सीट के लिए पर्याप्त वोट संख्या है. उसे एक सीट जीतने के लिए प्रथम वरीयता के 51 वोट चाहिए. लेकिन फिर भी भाजपा तीसरी सीट की उम्मीद लगाए बैठी है.

# वेणुगोपाल की अब क्या हैसियत है

**नई दिल्ली. कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को लेकर अब दो तरह की चर्चा है. उनके करीबियों का कहना है कि उन्होंने केरल में मुख्यमंत्री पद का त्याग किया, जिसकी वजह से उनका कद बढ़ गया है.**

कुछ पत्रकार भी इस लाइन को आगे बढ़ा रहे हैं. दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं का एक खेमा है, जो कह रहा है कि वेणुगोपाल ने पूरी मेहनत की और मुख्यमंत्री नहीं बन पाए इससे उनकी हैसियत बहुत कम है. यह धारणा बनी है कि जब वे खुद अपने लिए कुछ नहीं ले सकते हैं तो दूसरे किसी नेता क्या दिलवा सकते हैं? इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह दूसरी धारणा ज्यादा तार्किक और सही है. कांग्रेस नेता वेणुगोपाल की हैसियत का अंदाजा इसी आधार पर कर रहे हैं कि उन्होंने केरल का मुख्यमंत्री बनने



के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी थी. लेकिन राहुल गांधी ने उनको नहीं बनाया. राहुल और प्रियंका गांधी ने अंतिम फैसला वीडी सतीशन के पक्ष में किया. कहा जा रहा है कि कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता उनको चाहते थे और पार्टी की सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने भी उनके नाम पर वीटो किया था.


**कब्जा नोटिस**

जबकि, IIFL-HFL ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (54 ऑफ 2002) ("उक्त अधिनियमह्न) के प्रावधानों के तहत तथा उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("उक्त नियम") के नियम 3 के साथ पढ़ा जाए, ऋणकर्ता/सह-ऋणकर्ता, गारंटर, बंधककर्ता को राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया, जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है। और इसके बाद, IIFL-HFL ने असाइनमेंट समझौते के माध्यम से दिनांक 29-दिसंबर-2025 को उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा देय ऋणों के संबंध में अपने सभी अधिकार, स्वामित्व, हित और लाभ, जो IIFL-HFL बैंक द्वारा उधारकर्ता/गारंटर को दी गई सुविधाओं से उत्पन्न हुए हैं, और अंतर्निहित अचल संपत्ति को फीनिक्स आर्क लिमिटेड (पूर्व में "फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड" के नाम से जाना जाता था) को सौंप दिया है, जो फीनिक्स ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य कर रहा है झ वित्तीय वर्ष 26-14 ("फीनिक्स") सुरक्षा रसीद धारकों के लाभ के लिए। अतः, उक्त आवंटन के मद्देनजर, फीनिक्स अब IIFL-HFL के स्थान पर प्रतिस्थापित हो गया है। और फीनिक्स उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार के विरुद्ध सभी प्रकार की कार्यवाही शुरू करने/जारी रखने तथा वित्तीय दस्तावेजों के अंतर्गत अपने अधिकारों और लाभों को लागू करने का हकदार होगा, जिसमें उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा ली गई वित्तीय सुविधाओं के लिए निष्पादित और निर्मित गारंटी और सुरक्षा हित को लागू करना भी शामिल है। ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा उक्त राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि फीनिक्स के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) और उक्त नियमों के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित अचल संपत्ति पर "जैसा है, जहां है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे उल्लिखित तिथि से कब्जा कर लिया है।

| ऋणकर्ता का नाम / सह-ऋणकर्ता का नाम / गारंटर का नाम / LAN नं. | सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री सुजीत चतुर्वेदी श्रीमती निशा चतुर्वेदी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10285990) | लेआउट प्लॉट सं. एसबी 55, प्लॉट सं.2/1, ख.सं.84/2, पीएच नं. 13, मौजा मेहरा गांव, वार्ड सं.19, श्री गणेश नगर, मालवीयगंज तहसील इटारसी, जिला होशंगाबाद, म.प्र., भारत, 461111 का पूरा भूखंड। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 640.00, 645.00, 516.00 | रू. 1495735/- चौदह लाख पिनच्यानवे हजार सात सौ पैंतीस मात्र | 08-10-2025 | 20-05-2026 |

ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि फीनिक्स उपरोक्त अचल संपत्ति पर वैध कब्जे में है। SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(13) के तहत, ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार या कोई भी व्यक्ति, इस सूचना की प्राप्ति के बाद, फीनिक्स की पूर्व लिखित सहमति के बिना अचल संपत्ति को बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से हस्तांतरित/हस्तांतरित नहीं करेगा। अचल संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन फीनिक्स द्वारा ऊपर उल्लिखित राशि के प्रभार के अधीन होगा, साथ ही उक्त राशि पर संविदात्मक दर से भविष्य का ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि भी देय होंगे। ऋणकताओं/गारंटरों/गिरवीदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो ऋण छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं। ऊपर उल्लिखित अचल संपत्ति।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 23.05.2026

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी,
फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (ट्रस्टी के रूप में)

**फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में 'फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से जाना जाता था)**

सीआईएन क्र.-U67190MH2007PLC168303 वेबसाइटः www.phoenixarc.co.in पंजीकृत कार्यालयः तीसरी मंजिल, वॉलेस टावर्स, 139/140/बी/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे का चौराहा, विले पार्ले ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र, 400057। दूरभाषः +91 02268492450।



**बैंक ऑफ़ इंडिया**

**आंचलिक कार्यालयः**
**भोपाल अंचल बैंक ऑफ इंडिया भवन, जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल**
**फोन : 0755-2556770, 2555169**
**E-mail: bhopal.assetrecovery@bankofindia.bank.in**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **भौतिक /सांकेतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **09.06.2026** को **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि का विवरण निम्नानुसार है। नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के वेबपोर्टल **http://BAANKNET.com** पर संपन्न होगी।

| ऋणी /जमानतदार का नाम मांग नोटिस राशि | बंधक रखी संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति के बंधककर्ता का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|
| **गुलमोहर शाखा भोपाल, फोन : 8305819840 Account to deposit auction sale proceeds- 900990200000033, IFSC- BKID0009009** | | |
| ऋणीः **श्रीमती रंजना प्रदीप शर्मा एवं श्री प्रदीप शर्मा**; मांग सूचना राशिः ₹ 2,08,944/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे; मांग सूचना दिनांक : 29.08.2025; कब्जा दिनांक : 03.11.2025 (सांकेतिक) | आवासीय ईडब्ल्यूएस फ्लैट संख्या 30/303, तृतीय तल स्थित गौरव नगर, वार्ड संख्या 81, ग्राम - बैरागढ़ चिचली, कोलार रोड, हुजूर (नया कोलार), भोपाल, (मध्य प्रदेश) क्षेत्रफल- 32.74 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- श्रीमती रंजना प्रदीप शर्मा, श्री प्रदीप शर्मा चर्तुसीमाएँः पूर्व-फ्लैट संख्या 30/304, पश्चिम-रिटेनिंग वॉल, उत्तर-ब्लॉक संख्या 31/302, दक्षिण - ब्लॉक संख्या 30/302 | ₹ 6,56,000/- / ₹ 65,600/- / ₹ 10,000/- |
| **अवधपुरी शाखा, भोपाल, फोन : 9981590545 Account to deposit auction sale proceeds- 903390200000033, IFSC- BKID0009033** | | |
| ऋणी- **श्रीमती कविता ठाकुर पत्नी श्री सुरेंद्र सिंह ठाकुर** सहऋणीः **श्री सुरेंद्र सिंह ठाकुर पुत्र श्री जगन्नाथ सिंह ठाकुर**; मांग सूचना राशिः ₹ 7,16,397/- +देय ब्याज एवं खर्चे; मांग सूचना दिनांकः 17.09.2025; कब्जा दिनांकः 09.12.2025 (सांकेतिक) | फ्लैट नंबर बी-404 ब्लॉक तीसरी मंजिल, प्रीमियर ऑर्चर्ड, ग्राम रासलाखेड़ी, वार्ड नंबर 76, तहसील हुजूर, भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल 308.27 वर्ग फुट या 28.65 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर पुत्र श्री जगन्नाथ सिंह ठाकुर चर्तुसीमाएँः- पूर्व में कॉरिडोर, पश्चिम में-खुला, उत्तर में-फ्लैट नंबर बी-405, दक्षिण में -फ्लैट नंबर बी-403, | ₹ 7,80,000/- / ₹ 78,000/- / ₹ 10,000/- |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : दिनांक 09.06.2026, को सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक**

**ई-नीलामी की शर्ते :-**
(1) ई-नीलामी /बिडिंग ''ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग'' के माध्यम से ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर वेबसाइट **http://BAANKNET.com** पर की जावेगी। इच्छुक निविदाकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व वेबसाइट में नियम एवं शर्तों की जानकारी प्राप्त करें।
(2) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **06.06.2026** को या उससे पहले सुबह 10 से सायं 5 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है।
(3) बिक्री की पुष्टि होने होने पर सफल खरीदार को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (जिसमे ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम शामिल हैं) तुरंत जमा करानी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत राशि 15 दिन के अंदर ऊपर दिये गए शाखा के अकाउंट नंबर मे जमा करना होगा। निर्धारित समय सीमा मे राशि जमा न करने की स्थिति मे बोलिकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जायगी।
(4) बोली निर्धारित आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर शुरू होगी।
(5) यदि संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख (रुपये पचास लाख) या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
(6) सफल खरीददार को संपत्ति पर भुगतान की जाने वाली सांविधिक देयताएं/ असांविधिक देयताएं/ स्टाम्प ड्यूटी / अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/ ट्रांसफर शुल्क / सभी शुल्क / असेसमेंट चार्जेस / अन्य प्रभार जिसमें पंजीयन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, कर, लागू टीडीएस इत्यादि व्ययों का भुगतान करना होगा।
(7) प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी या सभी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने / निरस्त अथवा ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
(8) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त वर्णित दूरभाष क्र. पर संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करें: अथवा अंचल कार्यालय, भोपाल फोन : 0755-2556770 / 2555169 से संपर्क करें।
नोट - यह नोटिस प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत ई-नीलामी आयोजित करने हेतु उक्त ऋणी / उधारकर्ता / जमानतदारों को 15 दिवसीय विक्रय सूचना भी है।

**स्थान : भोपाल, दिनांक : 22.05.2026**
प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया